**उ0प्र0 विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-06 का उत्तर:-**

| **क्र0सं0** | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 6(क) | क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि वर्ष 2013 में विज्ञापित उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा चयनित सभी प्रधानाचार्यों को कार्यभार ग्रहण करा दिया गया है? | जी नहीं। |
| (ख) | यदि हॉ, तो उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड से चयनित प्रधानाचार्यों को, प्रधानाचार्यों के पदों पर कार्यभार ग्रहण करा दिया है? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) | यदि हॉ, तो कब? | जी नहीं। |
| (घ) | यदि नहीं, तो अब तक उक्त विद्यालयों में चयन बोर्ड से चयनित प्रधानाचार्यों को कार्यभार ग्रहण न कराये जाने के क्या कारण है? | विज्ञापन संख्या-3/2013 दिनांक 31-12-2013 द्वारा संस्था प्रधान के विज्ञापित पदों के सापेक्ष शैक्षिक गुणांक के आधार पर शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का साक्षात्कार मार्च, 2022 में सम्पन्न हुआ। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली, 1998 के नियम-12(8) एवं 12(10) के अनुसार संस्थावार पैनल चयन बोर्ड की विज्ञप्ति दिनांक 11-11-2022 एवं 13-11-2022 द्वारा जारी कर इसे सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेजा जा चुका है।<br>अन्तिम चयन परिणाम के पश्चात मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-8155/2022 कमेटी ऑफ मैनेजमेन्ट इण्टरमीडिएट कालेज नटौली, सुलतानपुर के साथ सम्बद्ध 27 अन्य रिट याचिकाओं में मा0 उच्च न्यायालय, खण्डपीठ लखनऊ द्वारा दिनांक 01.02.2023 को चयन प्रक्रिया में हुये विलम्ब, चयन हेतु पूल कम हो जाने, संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 का उल्लंघन होने के आधार पर इस विज्ञापन के क्रम में चयनित सभी अभ्यर्थियों की नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया है। |
| (ड.) | माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड से चयनित प्रधानाचार्यों को कब तक कार्यभार ग्रहण करा दिया जायेगा? | उपरोक्तानुसार। |

गुलाब देवी
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)